Sr

# बुजुर्गों के लिए स्काइप 101

# बुजुर्गों के लिए स्काइप (SKYPE)

**स्काइप वीडियो कॉल्स के साथ एक बार में ही, 50 तक लोगों को मिलना और तालमेल करना आसान हो जाता है। यह लोकल और अंतर्राष्ट्रीय स्काइप-टू-स्काइप कॉल्स और वीडियो कॉन्फरेंसिंग के लिए मुफ्त है।**

**यहां इस बारे में एक-एक करके चरणों की गाइड दी गई है कि स्काइप डाउनलोड कैसे करना है, इसका प्रयोग कैसे करना है और कैसे चलाना है।**

# चरण 1

## स्काइप डाउनलोड करें

उस डिवाइस के आधार पर, जो आप प्रयोग करने वाले हैं, आपको स्काइप का खास संस्करण डाउनलोड करने की जरूरत होगी। बुजुर्गों के लिए, यह सलाह दी जाती है कि स्काइप को आईपैड (iPad), एंडरॉयड (Android) टैबलेट या कंप्यूटर पर सेट अप किया गया है, क्योंकि मोबाइल फोन छोटे होते हैं और अन्य डिवाइसों की तरह उनकी आवाज़ उतनी बढ़िया नहीं भी हो सकती।


ध्यान दें: अपनी डिवाइस का चयन करते समय, सुनिश्चित करें कि इसमें वीडियो और माइक्रोफोन क्षमताएं हैं।

इनके लिए डाउनलोड करने हेतु:

**लैपटॉप/डेस्कटॉप कंप्यूटर**
इनमें से किसी एक लिंक पर क्लिक करें:

- विंडोज (Windows) के लिए स्काइप
- मैक (Mac) के लिए स्काइप

**ड्रॉप डाउन सूची में से वह कंप्यूटर सिस्टम चुनें, जिसका आप प्रयोग कर रहे हैं।**




# बुजुर्गों के लिए स्काइप (SKYPE)

**इनके लिए डाउनलोड करने हेतु:**

**मोबाइल फोन**
(एंडरॉयड और आईफोन (iPhone))
इस लिंक पर क्लिक करें:
**मोबाइल के लिए स्काइप**

आपके पास मौजूद मोबाइल सिस्टम के प्रकार के मुताबिक ऐप स्टोर चुनें:
एंडरॉयड, गूगल प्ले (Google Play) का प्रयोग करता है, आईफोन ऐप स्टोर (App Store) का प्रयोग करता है।




**टैबलेट**
(आईपैड और एंडरॉयड )
इस लिंक पर क्लिक करें:
**टैबलेट के लिए स्काइप**


ड्रॉप डाउन सूची में से उस टैबलेट सिस्टम का प्रकार चुनें, जो आपके पास है।




Sr

# चरण 2

## स्काइप के लिए एक मुफ्त खाता बनाएं




जब आपकी डिवाइस पर ऐप डाउनलोड हो जाए, तो तब आपका खाता बनाने का समय होता है। स्काइप के लिए नया खाता बनाने के लिए, इस लिंक पर क्लिक करें: एक मुफ्त खाता बनाएं

आप ईमेल पते या फोन नंबर से स्काइप खाते के लिए साइन अप कर सकते हैं। यदि आपका ईमेल पता नहीं है, परंतु प्राप्त करना चाहते हैं, तो **"नया ईमेल पता प्राप्त करें"** ("Get a new email address") पर क्लिक करें और चरणों का अनुसरण करें। अन्यथा, फोन नंबर का विकल्प चुनें।

अगली स्क्रीनें आपको, उम्र, नाम और स्थान जैसी निजी जानकारी देने के लिए कहेंगी। जानकारी दें और लगातार क्लिक करते जाएं।

ऐसे पासवर्ड का चयन करना महत्वपूर्ण है, जो निजी तथा बेजोड़ हो। ऐसा कुछ चुनना सुनिश्चित करें, जिसका आसानी से अंदाज़ा न लगाया जा सके।


कभी-कभार स्काइप सॉफ्टवेयर यह सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ता (यूजर) को टेस्ट करता है कि असली खाता बनाया जा रहा है। यह करने के लिए, वे आपको एक शब्द टाइप करने के लिए कह सकते हैं, जो स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाता है या तस्वीर चुनने के लिए कह सकते हैं। इसे CAPTCHA (कैप्चा) कहा जाता है और इसे पूरा करना आवश्यक है। यदि CAPTCHA कोड मांगा जाए, तो वह लिखें और **"खाता बनाएं"** ("Create Account") पर क्लिक करें।

अब आपका चालू स्काइप खाता है।

स्काइप की निजता और सुरक्षा संबंधी विशेषताओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं। https://support.skype.com/en/skype/all/privacy-security/privacy-settings/


# चरण 3

## स्काइप पर साइन इन करें










आप खुद के लिए चुने गए स्काइप नाम के साथ, अपनी ईमेल के साथ, या अपने फोन नंबर (इस आधार पर कि आपने खाते के लिए कैसे रजिस्टर किया है) के साथ स्काइप पर साइन इन कर सकते हैं।

यदि आपका पहले से ही स्काइप या माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) खाता है:


1 स्काइप खोलें और स्काइप नाम, ईमेल या फोन पर क्लिक करें।

2 अपना स्काइप नाम, ईमेल या फोन नंबर डालें और **"अगला"** **("Next")** का चयन करें।

3 अपना पासवर्ड डालें और जारी रखने के लिए तीर चुनें। अब आपने स्काइप पर साइन इन कर लिया है।

**ध्यान दें:** जब आप साइन इन कर लेते हैं, तो स्काइप आपकी साइन-इन जानकारी याद रखता है, जब आप स्काइप बंद या साइन आउट करते हैं और अपनी खाता सेटिंग्स याद रखने का चयन करते हैं।


स्काइप उपयोगकर्ता नाम (यूजरनेम) और पासवर्ड के लिए, ऐसा उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड सोचें, जिसे आप आसानी से याद रख सकें। अपना उपयोगकर्ता नाम, अपने क्लब मेम्बर्स के साथ साझा करें, ताकि वे आपकी कॉल्स लेने और आपके साथ जुड़ने के लिए तैयार रहें।




जब आप अपना स्काइप उपयोगकर्ता नाम दें, तो अपने क्लब मेम्बर्स से उनके उपयोगकर्ता नाम मांगें। आप निचले दाएं कोने में **"संपर्क"** **("Contacts")** आइकन पर, फिर ऊपरी दाएं कोने में **"संपर्क शामिल करें"** **("Add Contact")** पर क्लिक करके लॉग इन करने के बाद आसानी से उन्हें शामिल कर सकते हैं।


# चरण 4

## ग्रुप स्थापित करना





ग्रुप चैट शुरू करने के लिए, आपको एक ग्रुप बनाना पड़ेगा। इस ग्रुप का प्रयोग कई उपयोगकर्ताओं के बीच में **'कान्फ्रेंस कॉल्स'** ('conference calls') करने के लिए भी किया जा सकता है (उदाहरण: आपके क्लब मेम्बर)।

स्काइप विंडो की बाईं तरफ, संपर्क सूची में से उन उपयोगकर्ताओं में से एक पर क्लिक करें, जिन्हें आप अपने ग्रुप में शामिल करना चाहते हैं। फिर ऊपरी दाएं कोने में स्थित, **"लोगों को शामिल करें"** ("Add people") का चयन करें।





बाईं तरफ की सूची में से वे संपर्क चुनें, जिन्हें आप शामिल करना चाहते हैं और 'चुनें' ('Select') पर क्लिक करें।





चुने गए उपयोगकर्ता, स्क्रीन की दाईं तरफ **"इस ग्रुप में लोग"** ("People in this group") खाने पर दिखाई देंगे। जब आप सभी मेम्बर्स को शामिल कर लें, तो खत्म करने के लिए **'शामिल करें'** ('Add') पर क्लिक करें।

## संपर्क सूची में ग्रुप स्थापित करना




ग्रुप चैट विंडो पर **"संपर्कों को ग्रुप में सुरक्षित करें" ("Save group in Contacts")** आइकन पर क्लिक करें।




ग्रुप के लिए एक नाम दर्ज करें और **'ठीक है' ('OK')** पर क्लिक करें।

संपर्क सूची में नया ग्रुप शामिल किया जाएगा और स्क्रीन के बाईं तरफ ग्रुप का नाम भी अपडेट हो जाएगा।


Sr

# चरण 5

## अपना कॉल प्रकार चुनें

अपनी संपर्क सूची बनाने के बाद, आप अपनी पहली स्काइप कॉल करने के लिए तैयार हो जाएंगे।

कॉल करने के लिए मेम्बर/ग्रुप नाम पर क्लिक करके, क्लब मेम्बर या नए बनाए ग्रुप का चयन करें।




फिर आप यह फैसला करने के लिए बहुत-से बटन देखेंगे कि आप किस प्रकार की कॉल करना चाहते हैं। आप इनके बीच में चयन कर सकते हैं:

**वीडियो कॉल्स:** यदि आप आमने-सामने बात करना चाहते हैं तो वीडियो बटन पर क्लिक करें।

**फोन कॉल्स:** यदि आप वेबकैम के बिना कॉल करना चाहते हैं तो फोन बटन पर क्लिक करें।

जब कनेक्शन मजबूत हो जाए, तो आपके पास निचले दाएं कोने में, अन्य मेम्बर्स की तस्वीर की पूरी स्क्रीन और आपका खुद का छोटा-सा स्कवेयर होगा।


आप जुड़ गए हैं। अब आप दोनों जितनी चाहें, लंबी बात कर सकते हैं!

Sr

# चरण 6


## कॉल खत्म करें

जब आप कॉल खत्म कर लें, तो बात खत्म करने के लिए लाल हैंडसेट आइकन को दबाएं और प्रोग्राम बंद कर दें।



# Sr स्काइप सुझाव और तरकीबें

## स्काइप के बारे में जानना




**A** **प्रोफाइल:** अपनी सेटिंग्स पर पहुंचें और निजी बनाएं

**B** **और:** अपनी सेटिंग्स, मदद और फीडबैक तक पहुंचें या स्काइप से साइन आउट करें

**C** **चैट्स:** जल्दी से अपनी चैट्स और पसंदीदा ढूंढें

**D** **कॉल्स:** आमने-सामने की या ग्रुप कॉल्स करें

**E** **संपर्क:** अपने संपर्क ढूंढें, देखें कि कौन एक्टिव है या लोगों को स्काइप पर बुलाएं

**F** **सूचनाएं:** सेट अप करें, ताकि आपको मिस हुई चैट्स के बारे में सूचित किया जा सके (प्रोफाइल, सेटिंग्स, सूचनाएं पर क्लिक करें)

**G** **मीट नाउ (Meet Now):** जल्दी से दोस्तों और परिवार के साथ सहयोगात्मक स्थान सेट अप करें, चाहे वे स्काइप पर न हों

**H** **नई चैट:** नई आमने-सामने की ग्रुप या निजी बातचीत शुरू करें

**I** **सोर्ट चैट्स (Sort Chats):** भेजे गए या अनरीड संदेशों के समय के मुताबिक, अपनी चैट्स छांटें

**संदर्भ**

https://support.Skype.com/en/faq/FA11098/how-do-i-get-started-with-Skype
https://www.Skype-lab.com/en/guide/chat/group-im.html